हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 18 अक्टूबर 2025
बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

# राशन लेने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के निवासियों को 3 किमी दूर जाना पड़ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- पंडरीपानी की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में किराना दुकान नहीं होने से हो रही परेशानी

गृह निर्माण मंडल द्वारा अटल विहार योजना में बस्तर जिले के पंडरीपानी में 55 एकड़ भूमि में 1200 मकान का निर्माण किया गया। इसमें एलआईजी, एचआईजी, एमआईजी एवं फ्लैट आदि बने हैं। इसमें सीसी सड़क और कालोनी में अंडरग्राउंड विद्युत केबल लाइन बिछाई गई। साथ ही इस कालोनी में काम्पलेक्स निर्माण कार्य का प्रस्ताव था, लेकिन अब तक काम्पलेक्स निर्माण नहीं होने से कालोनी में किराना दुकान नहीं है। यही कारण है कि कालोनी के लगभग 200 मकान वासियों को किराना सामान के लिए लगभग 3 किमी दूर जाना पड़ रहा है।



कालोनीवासियों ने बताया कि कालोनी में काम्पलेक्स होना था, जिसमें किराना एवं अन्य दुकान होना था, कालोनीवासियों को सामान के लिए जगदलपुर जाना नहीं होता। कालोनीवासियों ने इसकी सूचना बोर्ड के अपर आयुक्त को दी। इस पर गुरुवार को बोर्ड प्रक्षेत्र जगदलपुर के अपर आयुक्त एचके वर्मा ने कार्यपालन अभियंता केके कश्यप, एसडीओ केयुर वैद्य के साथ कालोनी का निरीक्षण किया।

### कालोनी में बनाया जाएगा काम्पलेक्स

हाऊसिंग बोर्ड प्रक्षेत्र जगदलपुर के अपर आयुक्त एचके वर्मा ने बताया कि पंडरीपानी कालोनी के प्लान में काम्पलेक्स है, इसलिए कालोनी में काम्पलेक्स का निर्माण किया जाएगा। जिससे कालोनीवासियों को परेशानी नहीं हो सके।

## युवराज का यूथ ओलंपिक गेम्स बहरीन के लिए चयन



**जगदलपुर।** बस्तर के युवराज सिंह को बहरीन में होने वाले यूथ ओलंपिक गेम्स में भारतीय म्यूथाई दल में शामिल किया गया है। इस दल में 4 बालक और 6 बालिकाएं शामिल होंगे। प्रतियोगिता का पूरा खर्च भारतीय ओलंपिक संघ वहन करेगा। छत्तीसगढ़ से चयनित एकमात्र खिलाड़ी के रूप में युवराज 21 अक्टूबर को बहरीन के लिए रवाना होंगे। यह छत्तीसगढ़ के खेल इतिहास के लिए एक गर्व का क्षण है क्योंकि पहली बार बस्तर से किसी खिलाड़ी को यूथ ओलंपिक के लिए चुना गया है।

## उपकेन्द्र बनने से एक दर्जन गांवों को मिलेगी छत्तीसगढ़ की बिजली

कैंप खुलने के बाद बंडा में 3 वर्ष से बंद उपकेन्द्र का निर्माण कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विद्युत कंपनी के ठेकेदार ने 3 वर्ष पूर्व बस्तर संभाग के सुकमा जिले के बंडा में उपकेन्द्र का निर्माण कार्य के लिए बोर खुदवाया पर साफ-सफाई के दौरान की नक्सली दहशत के चलते कार्य बंद कर दिया गया था। सुरक्षा कैम्प होने से कंपनी के ठेकेदार ने उपकेन्द्र का निर्माण कार्य शुरू किया गया है, जो शीघ्र ही निर्माण किए जाने की संभावना की जा रही है।

बताया जा रहा है कि इस उपकेन्द्र बनने से क्षेत्र के लगभग एक दर्जन गांवों को छत्तीसगढ़ की बिजली का उपयोग करेंगे। हालांकि संबंधित ठेकेदार से कंपनी के प्रोजेक्ट के कार्यपालन अभियंता सलीम खान प्रतिदिन निर्माण कार्य ले रहे हैं, जिससे ठेकेदार ने निर्माण कार्य जोर-शोर से जुटे हुए हैं। बताया जा रहा है कि इसलिए कंपनी की ईडी ने अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम की टीम के साथ हॉल ही में बंडा के उपकेन्द्र निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। सुकमा जिले के कार्यपालन अभियंता




एचके ध्रुव ने बताया कि ठेकेदार को निर्देश दिया गया कि बंडा उपकेन्द्र का निर्माण कार्य शीघ्र ही पूरा करें।

### शीघ्र पूरा होने की संभावना

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम ने बताया कि बंडा में उपकेन्द्र निर्माण कार्य शुरू किया गया, जो शीघ्र ही पूर्ण होने की संभावना है। इससे क्षेत्र के गांवों को छत्तीसगढ़ की बिजली का उपयोग कर सकेंगे।







मन मंदिर
SWEETS BAKERY NAMKEEN
धनतेरस
एवं
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
त्योहारो के इस
शुभ अवसर
को बनायें और भी यादगार
मन मंदिर स्वीट्स
के साथ
दीपावली एवं
अन्य त्योहारो के लिए
गिफ्ट हैम्पर
उपलब्ध है।
कलेक्टोरेट रोड, पानी टंकी के सामने
जगदलपुर, मो. : 9826755668


महावीर ज्वेलर्स
विश्वास की विरासत
सुनहरी विरासत से लेकर आधुनिक सौंदर्य तक आपका भरोसेमंद साथी।
100% हॉल मार्क गोल्ड एंड सिल्वर ज्वेलरी
डायमंड IGI सर्टिफाइड VVS / EF क्वालिटी
धनतेरस और दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
Mahavir Jewellers
Gold - Silver - Diamond - Platinum
Main Road, Jagdalpur 91116-23456


/ VARYAFINERIES
सजें दिल से
सजें वर्या से
अपनी ख़ूबसूरती को दीजिए एक नया रूप
वर्या के पारम्परिक एवं मनमोहक संग्रह के साथ।
जहां हर परिधान में है परंपरा की गरिमा
और आधुनिकता की कोमल छाप।
तो आइये रोशनी के इस पर्व पर निखारें
अपनी ख़ूबसूरती को वर्या के परिधानों के साथ!
॥ शुभ दीपावली ॥
VARYA
The real meaning of exclusivity
~ SAREES ~ SALWAR SUITS
~ LEHENGAS ~ INDO-WESTERN
89592 22888
95752 22888
PRATAPGANJ
JAGDALPUR

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 18 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

13 विद्यार्थियों को नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति को ...

14 स्थानीय लोगों को रोजगार और काम में प्राथमिकता...




## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय क्विज प्रतियोगिता में राधिका रहीं द्वितीय



जगदलपुर। गणित एवं विज्ञान राष्ट्रीय अभियान विकासखंड राष्ट्रीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को किया गया। प्रतियोगिता में पूर्व माध्यमिक शाला भगत सिंह संकुल भगत सिंह से कुमारी राधिका पाठक एवं दिव्यानी झा ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कुमारी राधिका पाठक ने ब्लॉक में गणित क्विज में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अशोक पांडे डीएमसी राजेंद्र ठाकुर बीआरसी राजेश गुप्ता एबीओ द्वारा शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सहयोग करने वालों प्रधानाध्यापक यास्मीन खान, इंदिरा मथानी, रूप लता पांडे, नलिन शुक्ला, विशाल देवांगन, पुरुषोत्तम पांडे सहित अन्य शामिल रहे। उक्त जानकारी उमेश प्रताप सिंह ने दी है।

### करीतगांव स्कूल में न्योता भोज दोना पत्तल में कराया भोजन



जगदलपुर। विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर बकावण्ड विकास खंड के करीतगांव में स्वामी आत्मानंद स्कूल हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम स्कूल में न्योता भोज का आयोजन किया गया। अन्न का सम्मान करने की महत्ता को बच्चों को समझाया गया। न्योता भोज कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मालगांव, करीतगांव, धोबीगुडा, कोहकापाल तथा जुनावनी के सरपंच व क्षेत्र के जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य वनवासी मौर्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन संस्था के प्राचार्य एवं नव नियुक्त शिक्षकों ने किया।

पर्व : नवरंगपुर जिले के दर्जनों गांव से दीये बेचने पहुंचे कुम्हार

# दीपावली पर कुम्हारों के दीयों की रोशनी से जगमगाएंगे शहर-गांव

अनिल सामंत ⏭ जगदलपुर

हर साल की तरह इस बार भी बस्तर की दीपावाली ओडिशा के कुम्हारों द्वारा बनाए गए मिट्टी के दीयों से रोशन होगी। बस्तर के स्थानीय कुम्हार जहां अपने पारंपरिक पेशे से दूर हो रहे हैं,वहीं ओडिशा के कुम्हारों में इसका क्रेज आज भी बना है। ओडिशा राज्य के नवरंगपुर जिले के उमरकोट, डाबुगांव, चारांगा, चलनागुड़ा, पापडाहाण्डी, सिंगसारी और कुमारगुड़ा गांवों से कुम्हार परिवार करीब 50 हजार से 1 लाख से अधिक मिट्टी के दीये और कलाकृतियां लेकर बस्तर पहुंचे हैं। सबसे बुजुर्ग कारीगर बलराम कुम्हार ने बताया कि वे पिछले 20 वर्षों से हर साल दीवाली से पहले बस्तर आकर अपने उत्पाद बेचते हैं। उन्होंने बताया कि दर्जन भर से अधिक कुम्हार 1-2 दिन में 50 हजार से 1 लाख दिए लेकर पहुंचते हैं। बस्तर के लोग भी अब ओडिशा के दीयों को ही प्राथमिकता देने लगे हैं,जिससे ओडिशा के कुम्हारों की आमदनी में बढ़ोतरी हो रही है।



दशहरे के समापन के बाद ही घरों की साफ-सफाई और सजावट के साथ मिट्टी के दीयों से घरों को सजाने की परंपरा आज भी कायम है,लेकिन बदलते समय के साथ यह परंपरा धीरे-धीरे कम होती जा रही है। बस्तर के कई कुम्हार परिवार अब यह काम छोड़ चुके हैं। छत्तीसगढ़ सरकार से कुम्हारों के लिए आज पर्यन्त कोई योजना बनाई है,और न ही इन्हें कोई अनुदान मिलता है। बस्तर के कुम्हारों का कहना है कि इस व्यवसाय में मेहनत अधिक और लाभ बहुत कम है। साथ ही शासन से किसी प्रकार की आर्थिक सहायता या प्रोत्साहन न मिलने के कारण भी लोग हतोत्साहित हैं। स्थानीय कारीगरों का कहना है कि अगर शासन और प्रशासन की ओर से प्रशिक्षण, कच्चे माल की सुविधा और बाजार उपलब्ध कराया जाए,तो वे दोबारा इस परंपरागत कार्य को जीवित करने के लिए तैयार हैं।

बस्तर की यह कला न केवल सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा है,बल्कि ग्रामीणों के लिए आजीविका का भी एक प्रमुख माध्यम रही है। शहर से लगभग 20 किमी दूर नगरनार गांव कभी टेराकोटा कला के लिए प्रसिद्ध था। यहां के कुम्हारों द्वारा बनाई गई मिट्टी की कलाकृतियां देश-विदेश में पहचान बना चुकी थीं। नगरनार में एनएमडीसी स्टील प्लांट बनने के बाद रोजगार के नए अवसर खुले, परंतु इससे पारंपरिक मिट्टी शिल्प को बड़ा झटका लगा।

# मुख्यमंत्री का एयरपोर्ट में आत्मीय स्वागत



अनिल सामंत ⏭ जगदलपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का शुक्रवार को मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री द्वय विजय शर्मा और अरुण साव भी पहुंचे। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव, सांसद महेश कश्यप, चित्रकोट विधायक विनायक गोयल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा एवं अन्य अधिकारी एवं भाजपाई उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- 9-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411

# कांग्रेस ने वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान में कराया हस्ताक्षर

> ■ राजनीतिक आंदोलन नहीं बल्कि जनता के मताधिकार की लड़ाई

जगदलपुर। नानगुर ब्लॉक प्रभारी संतोष यादव व शामु कश्यप की अध्यक्षता एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नानगुर अध्यक्ष फूलसिंह बघेल के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। ग्राम नानगुर के बाजार स्थल पर ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकतार्ओं ने वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान में लोगों को जानकारी दी। बताया गया कि लोकतंत्र खतरे में है केंद्र सरकार और चुनाव आयोग की मिलीभगत से पूरे देश में मतदाता सूची से नाम हटाए जा रहे हैं। जिससे आम जनता अपने संवैधानिक अधिकार से वंचित हो रही है। बिहार में हजारों वोटरों के नाम बिना कारण डिलीट कर दिए गए हैं । यह केवल राजनीतिक आंदोलन नहीं बल्कि जनता के मताधिकार, संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक व्यवस्था की सुरक्षा की लड़ाई है। प्रदेश कांग्रेस के आदेश एवं बस्तर जिला कांग्रेस के निर्देश पर अभियान चलाया गया।



**ये रहे मौजूद :** इस दौरान नीलुराम बघेल, विनोद कुमार सेठिया, मुन्ना सेठिया,गणेश सेठिया, चमनलाल देहारी,राजेश कश्यप, रामधार नाग, सुभाष गावड़े, झीमटू कश्यप, धनसिंह बघेल, बालसिंह नाग, रामचंद्र बघेल, तुलाराम नाग, सुखराम नाग,हरिहर सेठिया, शमिल दास आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फेस लिफ्ट

■ बोटाक्स फिलर
■ थ्रेड लिफ्ट
■ स्किन पॉलिशिंग
■ लेज़र फेशियल
Ajay Advt.
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060



अधिकृत विक्रेता - विजयपाल हिरो, जगदलपुर, सम्पर्क - 79998-33421, 96444-08951
• केशकाल - 98931-99247 • फरसगांव - 99810-09344 • कोण्डागांव - 99938-61888 • बनियागांव - 70009-15198 • भानपुरी - 99810-09491
• नारायणपुर - 94063-71785 • सुकमा - 94252-60291 • बकावण्ड 88898-20424 • चिपावण्ड - 91319-06668 • माकड़ी - 94252-28043

## खबर संक्षेप

### नए थाना प्रभारी ने किया प्रभार ग्रहण, समारोह में निवर्तमान को दी गई बधाई



**फरसगांव।** नए थाना प्रभारी के रूप में विकासचंद राय ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। जहां स्टॉफ ने उनका पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया । वही पुराने थाना प्रभारी संजय शिंदे को विदाई दिया गया । पदभार ग्रहण करने के बाद विकासचंद ने कहा कि क्षेत्र में जनता और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर शांति व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करना पुलिस का मूल दायित्व है, जिसके लिए वे पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने जनता से सीधे संवाद स्थापित करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पीड़ित लोग सीधे थाने आकर या फोन के माध्यम से मदद मांग सकते हैं, और उन्हें किसी दलाल या बिचौलिए की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने जनता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने का आश्वासन दिया।

### मटका खाद बनाने की विधि से ग्रामीण किसानों को मिला नया भरोसा



**नारायणपुर।** जिले के लिंगों मुदियाल कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, केरलापाल, (इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर, छत्तीसगढ़) के चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा चल रहे ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव आरएडब्ल्यूई कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को मटका खाद बनाने की विधि बताई गई। प्रचार प्रसार के माध्यम से किसानों को जागरूक किया तथा महत्व बताया गया।
चतुर्थ वर्ष के छात्रों द्वारा चल रहे ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव एवं एआईए कार्यक्रम के अंतर्गत मटका खाद बनाने की विधि की जानकारी प्राप्त की गई एवं किसानों को सिखाई गई। यह गतिविधि अधिष्ठाता महोदया डॉ. रत्ना श्याम किशोर नशीने की अध्यक्षा एवं डॉ. पुष्पेंद्र सिंह पैकरा (कार्यक्रम अधिकारी एवं उद्यानिकी विषय विशेषज्ञ), डॉ. विवेक विश्वकर्मा (पादप रोग विषय विशेषज्ञ), डॉ. नवीन कुमार मरकाम (अनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन विषय विशेषज्ञ), डॉ. सविता आदित्य (कीट विज्ञान विषय विशेषज्ञ) डॉ. महेश दाहिरे (कृषि विस्तार विभाग विषय विशेषज्ञ), एवं राज सेंगर (मृदा विज्ञान विषय विशेषज्ञ) उपस्थित थे।

### स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने किया बस्तर ओलंपिक का प्रचार



**कोण्डागांव।** केशकाल ब्लॉक से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत कुएंमारी में बिहान योजना से जुड़ी स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने बस्तर ओलंपिक खेल पंजीयन अभियान के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया। महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बस्तर संभाग में चल रहे ओलंपिक खेल पंजीयन अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया।
कार्यक्रम के दौरान समूह की महिलाओं ने ग्रामीण युवाओं को खेलों से जुड़ने और अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि बस्तर ओलंपिक न केवल खेल का मंच है बल्कि यह बस्तर की परंपराओं, सामूहिकता और युवाओं की ऊर्जा को एकजुट करने का प्रयास भी है। समूह की महिलाओं ने बस्तर की पारंपरिक वेशभूषा धारण कर अपनी समृद्ध लोकसंस्कृति, नृत्य और परंपराओं का मनमोहक प्रदर्शन किया। उनके इस प्रस्तुतीकरण ने न केवल ग्रामीणों को आकर्षित किया बल्कि खेलों के प्रति उत्साह भी बढ़ाया।

# जिले को बाल विवाह मुक्त करने बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

शासन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य को बाल विवाह मुक्त घोषित करने के उद्देश्य से जिले में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोंडागांव के मार्गदर्शन और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत की अध्यक्षता में 15 अक्टूबर को कोण्डागांव एवं बड़ेराजपुर जनपद पंचायत भवन में बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों ग्राम पंचायत सचिवों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को जानकारी दी गई कि 2 अक्टूबर से आयोजित ग्राम सभाओं में कई पंचायतों ने बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत घोषित करने के प्रस्ताव पारित किए हैं। शेष पंचायतों के सचिवों को निर्देश दिए गए कि वे विशेष ग्राम सभाएं आयोजित कर शपथ ग्रहण कराएं और पंचायत को बाल विवाह मुक्त घोषित करें। अधिकारियों को बताया गया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के अनुसार विवाह के लिए लड़के की न्यूनतम आयु 21 वर्ष और लड़की की 18 वर्ष होना अनिवार्य है। प्रशिक्षण में बाल विवाह के सामाजिक, स्वास्थ्य और कानूनी दुष्परिणामों की जानकारी दी गई ताकि अधिकारी ग्राम स्तर पर प्रभावी जागरूकता फैला सकें।

**खास बातें**

- विशेष ग्राम सभाओं में प्रस्ताव पारित, शपथ लेकर लिया उन्मूलन का संकल्प
- कोण्डागांव में बाल विवाह मुक्त पंचायतों की ओर बढ़ा ठोस कदम



**शपथ ग्रहण कर लिया गया संकल्प**

कार्यक्रम के अंत में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने बाल विवाह मुक्त कोण्डागांव का संकल्प लेते हुए शपथ ग्रहण की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद पंचायत, शिक्षा विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई और चाइल्डलाइन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। उन्होंने बाल विवाह उन्मूलन के लिए संयुक्त रूप से कार्य करने का संकल्प दोहराया।

## आयोजन : आरएएमपी योजना के अंतर्गत उद्योग एवं बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम

# उद्योग विभाग ने हितग्राहियों को दी नीतियों और योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव




कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में आज जिला कार्यालय के सभा कक्ष में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा 'उद्योग एवं बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, बिहान महिला उद्यमी, पीएमएफएमई, पीएमईजीपी योजना एवं स्टार्टअप प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में एमएसएमई क्षेत्र को प्रोत्साहित करना, औद्योगिक नीतियों की जानकारी देना तथा बैंकिंग प्रक्रियाओं से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करना था। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की प्रभारी महाप्रबंधक श्रीमती कुसुमलता नेताम ने उपस्थित हितग्राहियों को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, आरएएमपी योजना, और नवीन औद्योगिक विकास नीति 2024,25 की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा छोटे उद्योगों के लिए सरल और पारदर्शी प्रक्रियाएँ लागू की गई हैं। जिससे ग्रामीण क्षेत्रें में स्वरोजगार के नए अवसर बन रहे हैं। कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक सहित अन्य बैंकों के अधिकारियों ने भाग लिया और उद्यमियों को वित्तीय योजनाओं, मुद्रा योजना, सीजीटीएमएसई व अन्य ऋण सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। बैठक में बैंकर्स एवं हितग्राहियों के बीच सीधा संवाद हुआ। दोनों पक्षों के अलग-अलग समूह बनाकर ऋण स्वी—ति प्रक्रिया, दस्तावेज़ीकरण और अन्य औपचारिकताओं से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की गई। बैंक अधिकारियों ने समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया और मौके पर ही कई ऋण प्रस्तावों पर कार्रवाई प्रारंभ की।

- एमएसएमई उद्यमियों और बैंकों के बीच हुआ सीधा संवाद

**कार्यक्रम में 200 से अधिक हितग्राही हुए शामिल**

श्रीमती नेताम ने कहा कि इस तरह के संवाद कार्यक्रम एमएसएमई सेक्टर को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक, विभागों के अधिकारी, बैंक प्रतिनिधि, औद्योगिक संगठन और स्थानीय उद्यमी सहित 200 से अधिक हितग्राही उपस्थित रहे।

## गारमेंट फैक्ट्री का किया निरीक्षण, महिलाओं की समस्याएं सुनीं

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने शुक्रवार को डोंगरीगुड़ा स्थित गारमेंट फैक्ट्री का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फैक्ट्री में कार्यरत महिला कर्मियों से सीधे संवाद कर उनके कार्य, वेतन, एवं कार्यस्थल की स्थिति के बारे में जानकारी ली।
निरीक्षण के दौरान महिलाओं ने कलेक्टर के समक्ष खाना खाने के लिए उचित स्थान की कमी, कार्यस्थल पर अत्यधिक गर्मी तथा दूरस्थ क्षेत्रें से आने वाली महिलाओं को घर लौटने में हो रही देरी जैसी समस्याएँ बताईं। कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने संबंधित अधिकारियों को महिलाओं की सुविधाओं में सुधार के लिए तत्काल आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर सुरक्षित, स्वच्छ और अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने फैक्ट्री प्रबंधन से कहा कि श्रमिकों के लिए सुरक्षा, स्वच्छता और कल्याण से जुड़ी व्यवस्थाओं में सुधार लाना अनिवार्य है ताकि कार्यस्थल और अधिक सशक्त और महिला-अनुकूल बन सके।



**उपहार का वितरण कर किया सम्मानित**

निरीक्षण के अंत में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने सभी महिला कर्मियों को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्हें उपहार भेंट कर सम्मानित किया। महिलाओं ने कलेक्टर की पहल और संवेदनशीलता के लिए आभार व्यक्त किया।

## राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत लगा निःशुल्क उपचार शिविर



**कोण्डागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव वर्ष 2025 के अवसर पर राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम का सफल आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोंडागांव में किया गया। कार्यक्रम में ग्रेड-1 एवं ग्रेड-2 विकृति से प्रभावित पूर्व हितग्राहियों को आमंत्रित कर उनका निरूशुल्क उपचार किया गया। साथ ही रोगियों को विकृति के प्रभाव को कम करने और पुनः वृद्धि रोकने हेतु फिजिकल एक्टिविटी सत्र तथा स्वास्थ्य शिक्षा कार्यशाला आयोजित की गई।

हितग्राहियों को स्वयं की देखभाल, विकृति रोकथाम, और स्वास्थ्य सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी गई। फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. पदमनाथ फिजिकल एक्टिविटी का संचालन किया, जबकि ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक मनोज ने सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरेंद्र बघेल, एनएमए लोकेश सोनी, और ताराशंकर बोस उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जीएनएम ट्रेनिंग सेंटर के विद्यार्थी एवं अन्य चिकित्सा सहायक भी शामिल हुए और सक्रिय योगदान दिया।

**मुख्यमंत्री का स्वास्थ्य विजन – हर नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण सेवा :** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के स्वास्थ्य विजन के अनुरूप राज्य सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रें तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचे। छत्तीसगढ़ सरकार निरंतर प्रयासरत है कि हर नागरिक स्वस्थ, सुरक्षित और सशक्त जीवन जी सके।

## छत्तीसगढ़ आइडियाथॉन 2025 का शुभारंभ

**कोण्डागांव।** रजत महोत्सव वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में उद्योग विभाग के अंतर्गत स्टार्टअप छत्तीसगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ आइडियाथॉन 2025 स्टार्टअप पिचेस एवं अवॉर्ड्स इवेंट' का शुभारंभ किया जा रहा है। यह कार्यक्रम राज्यभर के युवाओं, नवप्रवर्तकों और स्टार्टअप्स को अपने विचारों को प्रस्तुत करने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। छत्तीसगढ़ आइडियाथॉन का उद्देश्य राज्य के महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, आईटीआई और लाइवलीहुड कॉलेजों के विद्यार्थियों के साथ-साथ महिलाओं, युवाओं और उद्यमियों को एक राज्यव्यापी प्रतियोगिता मंच उपलब्ध कराना है। इसके माध्यम से जमीनी स्तर के अभिनव विचारों को प्रोत्साहन दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों को 51,000 रुपये तक का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत 10 संभावनाशील विचारों और 10 अभिनव स्टार्टअप्स का चयन किया जाएगा। इनमें से शीर्ष 5 छात्र विचार और 5 स्टार्टअप्स को राज्योत्सव 2025 के दौरान सम्मानित किया जाएगा।

# आधुनिक तकनीकों से सशक्त हो जाएंगे जिले के मत्स्य पालक



**कोण्डागांव।** जिले में मछली पालन को आधुनिक और लाभदायक व्यवसाय के रूप में विकसित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। कलेक्टर सुश्री नूपुर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र, कोपाबेड़ा में 10 दिवसीय मछुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

यह प्रशिक्षण 8 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित किया गया, जो वित्तीय वर्ष 2025-26 की विभागीय योजना के अंतर्गत संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य मत्स्य पालकों के तकनीकी ज्ञान में वृद्धि करना और उन्हें आधुनिक मछली पालन तकनीकों से अवगत कराना था। मछली पालन को ग्रामीण आजीविका और अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम बताया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि ऐसे प्रशिक्षणों से उत्पादन क्षमता में वृद्धि होती है और कृषकों की आय में सुधार संभव होता है। कार्यक्रम में जनपद पंचायत कोंडागांव के उपाध्यक्ष टोमेन्द्र सिंह ठाकुर, श्रीमती फागेश्वरी कश्यप, एम. एल. राणा उप संचालक, मछली पालन, योगेश देवांगन सहायक मत्स्य अधिकारी, कु. अस्मिता सिन्हा मत्स्य निरीक्षक, कु. नोमेश्वरी दीवान मत्स्य निरीक्षक, नवदीप ठाकुर और महेश बघेल उपस्थित रहे।

- मछली पालन को बढ़ावा देने की पहल
- 120 कृषकों को मिला उन्नत प्रशिक्षण

**प्रशिक्षण समापन पर प्रमाण पत्र वितरण** – प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए और उन्हें मछली पालन को वैज्ञानिक एवं व्यावसायिक दृष्टिकोण से अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के लगभग 120 मत्स्य पालकों ने भाग लिया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि जिले में मत्स्य पालन एक सशक्त व्यवसायिक मॉडल के रूप में स्थापित हो सके।

## मुस्लिम समाज का चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से हुआ सम्पन्न



**कोण्डागांव।** मुस्लिम समाज के अंजुमन इस्लामिया कमेटी के चुनाव को जिले में निष्पक्षता और पारदर्शिता का उत्कृष्ट उदाहरण माना जा रहा है। चुनाव को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने में प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। चुनाव के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अजय कुमार उरांव, तहसीलदार मनोज रावटे और नायब तहसीलदार नरेंद्र सिंह की देखरेख में संपूर्ण प्रक्रिया का संचालन किया गया। प्रशासन द्वारा मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था, सुविधा केंद्र, और समयबद्ध प्रक्रिया सुनिश्चित की गई। प्रत्येक मतदाता को स्वतंत्र एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान का अवसर मिला। एसडीएम अजय कुमार उरांव ने कहा यह चुनाव केवल एक समाज का नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक भावना और आपसी सौहार्द का प्रतीक है। प्रशासन सदैव निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से सहयोग और संयम बनाए रखने की अपील की। अंजुमन इस्लामिया कमेटी के नव निर्वाचित सदर जनाब सैयद शफीक, नायब सदर अमान खान, सेक्रेटरी आदिल खान, तथा सदस्य हाजी इमरान मेमन, शेख साबिर, हमीद खान, सैयद आशिक और जुबैर खान ने एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। चुनाव के दौरान प्रशासन द्वारा की गई सख्त निगरानी, कानून-व्यवस्था की प्रभावी व्यवस्था, और सभी मतदाताओं को स्वतंत्र वातावरण प्रदान करने के लिए अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदस्यों एवं मतदाताओं ने प्रशंसा व्यक्त की।

# रजत महोत्सव के अवसर पर 22 युवाओं ने शिविर में किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन में तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बम्हनी में रजत महोत्सव के अंतर्गत पंचायत स्तरीय रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष अनिता कोर्राम, उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर, सरपंच कविता पोयम, पूर्व सरपंच रीना सोरी और विक्रम सोरी ने छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। आसपास के ग्राम पंचायतों बम्हनी, संबलपुर, झारा, इसलनार, तोतर, हंगवा, चमैर, बोरगांव, खण्डाम, कारियाकाटा और मयूरडोगर के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरेंद्र बघेल ने बताया कि रजत जयंती उत्सव के अंतर्गत जिले में संस्था-वार विभिन्न स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों और रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। सेक्टर प्रभारी कृष्ण कुमार पटेल ने जानकारी दी कि शिविर में कुल 70 दानदाताओं ने पंजीयन कराया, जिनमें 20 महिलाएँ और 50 पुरुष शामिल रहे।

- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बम्हनी में हुआ रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**प्रेरित करने में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका**

रक्तदान के लिए युवाओं को प्रेरित करने में विक्रम सोरी, अमलेश्वर पटेल, वशिष्ठ पटेल, महेंद्र कोर्राम और प्रीतम परिहार की विशेष भूमिका रही। रक्तदाताओं को रक्तदान उपरांत फल, नाश्ता और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यालय से झम्मन वर्मा, ब्लॉक कार्यालय से नीरज सोरी, सुनीता सरकार, जिला अस्पताल की ब्लड डोनेशन टीम, सेक्टर स्वास्थ्य टीम, मितानिन प्रेरक और मितानिन बहनों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

## नदी में अपशिष्ट फेंके जाने पर मक्का प्लांट को दिए कड़े निर्देश

# शहर की स्वच्छता और पर्व की तैयारियों का एसडीएम ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देश पर एसडीएम अजय उरांव ने शुक्रवार सुबह शहर की स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर के विभिन्न वार्डों और प्रमुख स्थानों में सफाई की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नारंगी क्षेत्र में प्राप्त शिकायत पर एसडीएम ने नारंगी नदी का भी दौरा किया। उन्होंने पाया कि मक्का प्लांट से निकलने वाला अपशिष्ट नदी में फेंका जा रहा है। इस पर उन्होंने तत्काल प्रभाव से अपशिष्ट निस्तारण रोकने और पर्यावरणीय मानकों के अनुसार व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

- फटाका बाजार को लेकर दिए सुरक्षा निर्देश वार्डों में कचरा सेग्रीगेशन पर जोर





एसडीएम ने शहर के विभिन्न वार्डों में स्थापित कचरा संग्रहण केंद्रों का निरीक्षण किया और कचरा उठाने, छंटाई सेग्रीगेशन एवं निस्तारण की प्रक्रिया का मूल्यांकन किया। उन्होंने सभी वार्डों से शत-प्रतिशत कचरा उठाने और उचित तरीके से सेग्रीगेशन करने के निर्देश दिए।आगामी छठ पूजा को ध्यान में रखते हुए एसडीएम ने तालाबों की सफाई एवं ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव की व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने पूजा स्थलों पर बेहतर विद्युत आपूर्ति और जनसुविधाओं की व्यवस्था के निर्देश भी दिए।

**फटाका मार्केट का निरीक्षण और सुरक्षा निर्देश**

दीपावली पर्व को देखते हुए एसडीएम ने फटाका मार्केट का निरीक्षण किया। उन्होंने दुकानों के आसपास पर्याप्त रेत और पानी की व्यवस्था रखने, अग्निशमन वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित करने और दुकानों के आबंटन की प्रक्रिया तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान नगर पालिका के सीएमओ दिनेश डे और स्वच्छता प्रभारी संतोष साहू भी उपस्थित रहे।

## मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है : डॉ. सरला आत्रम




**कोण्डागांव।** शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और स्वीप के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में मतदान के प्रति जिम्मेदारी और सजग नागरिकता की भावना को प्रोत्साहित करना था।
कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कहा मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि यह हमारी जिम्मेदारी है, जो लोकतंत्र को सशक्त बनाती है। एक सजग मतदाता ही राष्ट्र को सही दिशा दे सकता है।
नुक्कड़ नाटक, परिचर्चा और निबंध लेखन ने बढ़ाई लोकतांत्रिक चेतना – अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक, परिचर्चा, निबंध लेखन और नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। परिचर्चा का विषय था लोकतंत्र बनाम चुनावी राजनीति क्या हम असली मुद्दों से भटक रहे हैं प्रतिभागियों ने राजनीति, जनचेतना और मतदान की प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किए। छात्रें द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक में चुनावी प्रलोभन और मतदाता जागरूकता के संदेश दिया।

- एनएसएस एवं स्वीप के संयुक्त तत्वावधान में हुआ कार्यक्रम

## खबर संक्षेप

### मुस्लिम मेमन समाज के अध्यक्ष बने अहमद







जगदलपुर। मेमन समाज के अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से अहमद रजा को चुना गया। वे समाज में अन्य पदो पर रहते हुए कार्य कर रहे थे। उपाध्यक्ष अबरार आलम, सेकेट्री हसन कापड़िया, सहसचिव गुलजार नगरिया और कोषाध्यक्ष पद पर सय्यद फहीम अली को मनोनीत किया गया। मनोनयन की प्रक्रिया में पूर्व अध्यक्ष हाजी मो.अफजल नगरिया और पूर्व कार्यकारणी के सदस्य उपस्थित थे। जोनल सेकेटरी हाजी मेहताब पोठियावाला,अब्दुल सत्तार परका और समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनाकर सशक्त किया जा सकता है : मधुस्मिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

इनरव्हील क्लब की डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट मधुस्मिता त्रिपाठी का एक दिवसीय आधिकारिक दौरा शुक्रवार को जगदलपुर में हुआ। इस दौरान उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर पत्रकारों के समक्ष क्लब की गतिविधियों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को शक्तिशाली बनाना जरूरी है ताकि वे अपने जीवन से जुड़े फैसले स्वयं ले सकें। उन्हें समाज में समान अवसर और अधिकार मिले। इसी दिशा में इनर व्हील क्लब कार्य कर रहा है। मधुस्मिता त्रिपाठी ने बताया कि महिलाओं को शिक्षा,स्वास्थ्य,आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनाकर सशक्त किया जा सकता है। इससे वे समाज में पुरुषों के समान योगदान दे सकेंगी। मधुस्मिता ने कहा समूचे विश्व मे 100 देशों में क्लब काम कर रहा है। जिनकी सदस्य संख्या 1 लाख 20 हजार है। छत्तीसगढ़ का बस्तर ओडिशा जोन में आता है। क्लब हाल ही में उत्कृष्ट खिलाड़ियों के प्रतिभा उभारने जगदलपुर में राज्य स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा का आयोजन किया जिसमें 150 खिलाड़ियों ने खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया क्लब शहर में कम्युनिटी के काम मे जुटी है। यहां यात्री प्रतीक्षालय के निर्माण में क्लब का योगदान रहा। एक विधवा महिला को रोजगार सृजन के लिए हाथ ठेला, रसोई गैस उपलब्ध कराया है। तितरगांव स्कूल को क्लब ने गोद लेकर उनके शिक्षा विकास पर कार्य कर रहा है।

## महिला सशक्तिकरण पर रखे विचार, सामाजिक सेवा कार्यक्रमों का हुआ शुभारंभ




### बच्चों को 120 कॉपियां और 250 जोड़ी दिए जूते

डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट ने सबसे पहले इंदिरा स्टेडियम में बोतल बीन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद शांति नगर वार्ड में एक विधवा महिला को नाश्ते का ठेला प्रदान कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की पहल की गई। इसके अतिरिक्त अविनाश इंटरनेशनल होटल में तीतिरगांव के बच्चों को 120 कॉपियां और 250 जोड़ी जूते वितरित किए गए। साथ ही शहर के कुछ लोगों को अचीवमेंट अवॉर्ड भी प्रदान किए गए। जगदलपुर की इनर व्हील क्लब अध्यक्ष रेशमा चामड़िया और सचिव प्रीति आज़ाद ने भी वर्ष भर में किए गए प्रोजेक्ट्स की जानकारी डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट को दी। इस अवसर पर क्लब के सभी सदस्यगण,पदाधिकारी और आमजन उपस्थित रहे।

## विश्वविद्यालय में नेशनल इनोवेशन डे मनाया गया

# विद्यार्थियों को नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति को अपनाने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



नेशनल इनोवेशन डे के अवसर पर शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय में व्यवसायिक प्रबंधन अध्ययनशाला द्वारा मोटिवेशनल प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इंस्टीट्यूशन्स इनोवशन काउंसिल के तिमाही गतिविधि के तहत हुए इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य भारत के पूर्व राष्ट्रपति व भारत रत्न डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करना और युवाओं को नवाचार के लिए प्रेरित करना था।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ रश्मि देवांगन ने इनोवेशन का अर्थ,आवश्यकता, भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के में नवाचार एवं अनुसंधान की क्या भूमिका है जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। डॉ देवांगन ने विद्यार्थियों को नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति को अपनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने भारत सरकार द्वारा नवाचार,उद्यमिता और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों में नवाचार की भावना को जागृत करने और देश के प्रति उनके उत्तरदायित्व का एहसास कराने प्रयास किया गया। आयोजन के दौरान डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन पर आधारित प्रेरणादायक वीडियो भी दिखाए गए जिससे स्टूडेंट्स उनके विचारोंऔर प्रयासों से प्रेरित हो सकें। इस अवसर पर शिवम सोनवानी,डॉअनिल कुमार भारद्वाज एवं सृष्टि भूतड़ा सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने बस्तर ओलम्पिक के शुभंकर से हाथ मिलाकर दी सफल आयोजन की शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर




मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सर्किट हाउस में बस्तर ओलम्पिक 2025 के शुभंकर से हाथ मिलाकर बधाई दी और बस्तर ओलम्पिक के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान उप मुख्यमंत्री द्वय विजय शर्मा एवं अरुण साव, सांसद महेश कश्यप, विधायक किरण देव, विनायक गोयल, चैतराम अटामी, छत्तीसगढ़ ब्रेवरेज कारपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी सहित अन्य जनप्रतिनिधी और कमिश्नरडोमन सिंह, पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी, कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा समेत अन्य अधिकारी और भाजपाई मौजूद रहे।

# मयंक ऑस्टिन, अपूर्व, हेत्विक, हरदीप,आद्रिका और संजना बने चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जगदलपुर लॉन टेनिस एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित संभाग स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता का समापन हुआ,प्रतियोगिता में बालक बालिकाओ के अंडर 10,अंडर 12, अंडर 17 वही पुरुष वर्ग के मेंस ओपन और वेटरंस के सिंगल्स और डबल्स मुकाबले खेले गए। सर्वप्रथम अंडर 10 में अथर्व शुक्ल एवं हेत्विक मौर्य के बीच सिंगल्स का मुकाबला खेला गया जिसमे हेत्विक 5-3 से विजयी रहा। अंडर 12 बालिका वर्ग के सिंगल्स मुकाबले में आद्रिका शर्मा ने अनादिता शुक्ला को 8-2 से पराजित कर ट्राफी पर कब्ज़ा किया वही डबल्स मुकाबले में अनादिता शुक्ला एवं आद्रिका शर्मा की जोड़ी ने नंदिका राजपूत,सिद्धि मिश्रा की जोड़ी को हराया,अंडर 12 के बालक वर्ग के मुकाबले में अपूर्व मिश्रा ने आरव कुशवाहा को 8-6 से परास्त किया वही डबल्स मुकाबले में प्रखर सिंह और आरव की जोड़ी बनी चैंपियन, अंडर 17 के बालिका वर्ग में संजना ने मोक्षा सिरियला को 8-2 से मात देकर सिंगल्स के खिताब पर कब्ज़ा किया। वही डबल्स मुकाबले में संजना और तशनीत की जोड़ी ने खुशप्रीत और ईशा की जोड़ी को हराया। अंडर 17 के बालक वर्ग के मुकाबले बहुत ही रोमांचक हुए जिसमे ऑस्टिन जोयल और अथर्व मिश्रा के मध्य सिंगल्स का मुकाबला खेला गया। जिसे ऑस्टिन ने 8-3 से जीतकर अंडर 17 के सिंगल्स के कप पर कब्ज़ा किया,वही डबल्स के फाइनल मुकाबले में ऑस्टिन और एन रोहित की जोड़ी ने अथर्व मिश्र और अपूर्व मिश्र की जोड़ी को कड़े चले मुकाबले में मात दी,और पारितोषिक पर कब्जा जमाया,मेंस वेटरंस में भी सिंगल्स और डबल्स के मुकाबले खेले गए जिसमे हरदीप सिंह ने थॉमस फिलिप को थका देने वाले मुकाबले में 9-6 से जीत खिताब हासिल किया। वही डबल्स के खेले गए मुकाबले में हरदीप सिंह और मनोज पटेल की जोड़ी ने थॉमस फिलिप और डॉ के एल आज़ाद की जोड़ी को सीधे गेम्स में 9-0 से मात दी।

# रिटायरमेंट के बाद भी दफ़्तर पहुंच रहे अफसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ रायपुर कार्यालय से की गई पड़ताल



भौमिकी व खनिकर्म संचालक कार्यालय आड़ावाल में सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक जीआर चौहान कार्यालय में बैठ रहे हैं। इसकी शिकायत उच्च कार्यालय रायपुर में किए जाने पर इस संबंध में यहां के अधिकारी को सचेत किया गया । इस संबंध में हरिभूमि ने कार्यालय पहुंचकर जानकारी ली। उप संचालक प्रफुल्ल मांझी ने बताया कि चौहान सेवानिवृत्त होने के बाद पेंशन आदि का कार्य पूरा करने के लिए कार्यालय में पहुंच रहे हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि रिटायरमेंट के बाद भी वे आ रहे हैं। रायपुर कार्यालय में यह शिकायत की गई थी कि उनके द्वारा कुछ लंबित अन्य केस को पूरा करने के लिए आना हो रहा है। इसलिए रायपुर कार्यालय से पड़ताल की गई। आखिर रिटायरमेंट के बाद बार बार अधिकारी कार्यालय आकर क्यों घंटो बैठ रहा है। यह चर्चा का विषय रहा और उपर शिकायत की गई।







प्रस्तुति एवं संकलनकर्ता - अविनाश गोस्वामी ब्यूरो चीफ, जिला दंतेवाड़ा मो. 9425586039, रिपोर्टर- अभिषेक कुमार, मो. 9407973434


Since 1961
JMJ
J Mahendrakant Jewellers Pvt. Ltd.
शुभ धनतेरस
इस धनतेरस एवं दिवाली हर रिश्ते में भरोसे की
नई चमक लाएं JMJ के साथ।
शानदार ऑफर्स
बेहतरीन क्वालिटी
भरोसेमंद सेवा
@j_mahendrakantjewellers
जे. महेंद्रकांत ज्वेलर्स , मेन रोड, जगदलपुर


SAMSUNG
सोना जीतना है तो सैमसंग खरीदें
सैमसंग खरीदने कंपनी के एक्सक्लूसिव शोरूम आएं
साथ ही पाएं... सबसे सस्ते दाम...
विश्वसनीयता एवं उत्कृष्ट सेवा
CELEBRATION MADE AWESOME
WITH TRIPLE ZERO DEAL
GOLD
DOWN PAYMENT
INTEREST
HASSLE
ये दिवाली चलेगा तो
A17 ही चलेगा
Galaxy A17
Awesome Design
Slimmer, Lighter & Stronger
जगदलपुर में कंपनी एक्सक्लूसिव शोरूम
रवि प्लाजा, हाईस्कूल रोड, जगदलपुर
चांदनी चौक, केनरा बैंक के पास, जगदलपुर
गायत्री माई मंदिर के सामने जगदलपुर
संपर्क : 9713558888
Buy a Galaxy device and win big*
Bumper Prize
Gold Voucher Worth ₹ 100000
2 winners
Auspicious Day Prize
Gold Voucher Worth ₹ 50000
4 winners
Weekly Prize
Gold Voucher Worth ₹ 25000
16 winners
Daily Prize
Gold Voucher Worth ₹ 5000
112 winners
Offer valid from 10th Oct to 23rd Oct 2025
Scan to participate
T&C APPLY. IMAGE SIMULATED FOT REPRESENTATION PURPOSE, ACTUAL MAY VARY


TATA MOTORS COMMERCIAL VEHICLES
Better Always
शुभ धनतेरस
शुभ दीपावली
TATA
JAGDALPUR MOTORS
YODHA
ACE
ACE pro
INTRA
JAGDALPUR MOTORS COMMERCIAL PVT. LTD.
NH-16, GEEDAM ROAD, PANDRIPANI, JAGDALPUR. Mobile: 7773088800/11
BRANCH-
SUKMA, DANTEWADA, BIJAPUR, KANKER


TATA MOTORS
Connecting Aspirations
TATA
JAGDALPUR MOTORS
Happy Diwali
JAGDALPUR MOTORS
NH-16, GEEDAM ROAD, PANDRIPANI, JAGDALPUR . Mobile : +91 7773088892/95
KONDAGAON: +91 7000810023 DANTEWADA: +91 7773088864